प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 18.01.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पांच नई अमृत भारत एक्सप्रेस को करेंगे रवाना, सियालदह–बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का मधुपुर और जसीडीह स्टेशन पर भी होगा ठहराव।
2. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने दावोस में झारखंड पवेलियन का किया भ्रमण, कल से होगी वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम की शुरुआत।
3. झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने हजारीबाग सिविल कोर्ट का किया निरीक्षण, बरही में मछली पालकों को किया प्रोत्साहित, कहा–क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती।
4. नगरपालिका चुनाव की तैयारियों को लेकर रांची के उपायुक्त ने की बैठक, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, प्रशिक्षण, सुरक्षा समेत अन्य तैयारियों को लेकर दिशा–निर्देश जारी।
5. राजधानी रांची समेत राज्यभर में तापमान में उतार चढ़ाव जारी, गुमला का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव दो और रांची के कांके का चार डिग्री सेल्सियस किया गया रिकॉर्ड।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल और असम से पांच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इनमें से पश्चिम बंगाल के हुगली से तीन रेलगाड़ियां, हावड़ा–आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, सियालदह–बनारस एक्सप्रेस और संतरागाछी–तंबरम अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। सियालदह–बनारस एक्सप्रेस का झारखंड मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर भी ठहराव होगा।

प्रधानमंत्री असम के नागांव जिले के कालियाबोर में भी दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये रेलगाडी हैं–कामाख्या–रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़–लखनऊ गोमती नगर अमृत भारत एक्सप्रेस। हमारे संवाददाता ने बताया कि इन नई रेल सेवाओं से पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा, जिससे लोगों के लिए यात्रा सुरक्षित और अधिक सुविधाजनक हो सकेगी।

*****************

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 का शुभारंभ आज से दिल्ली में हो रहा है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को समर्पित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार का प्रतिनिधिमंडल वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम–2026 में भाग लेने के लिए दावोस की यात्रा पर है। इस प्रतिनिधिमंडल ने इंडियन पवेलियन परिसर स्थित झारखंड पवेलियन का भ्रमण और निरीक्षण किया। दावोस में कल से वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम की शुरुआत होगी जो 23 जनवरी तक चलेगी। झारखंड की भागीदारी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, वन और जैव–अर्थव्यवस्था तथा महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित होगी, ताकि राज्य को सतत विकास, न्यायसंगत परिवर्तन और समावेशी विकास के रास्तों पर वैश्विक चर्चाओं में स्थान मिल सके।

*****************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बगोदर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ो रुपए की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया। इसके अंतर्गत सड़क, जलापूर्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों से क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में ये सभी कार्य मील का पत्थर साबित होंगे।

*****************

झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनक ने हजारीबाग सिविल कोर्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने सिविल कोर्ट परिसर, न्यायिक कार्यप्रणाली तथा उपलब्ध आधारभूत

सुविधाओं का अवलोकन किया और जरूरी दिशा–निर्देश दिए। बरही क्षेत्र के जलाशय में मत्स्य पालन के लिए स्थापित केज कल्चर के निरीक्षण के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तकनीक से न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे बल्कि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

*****************

रांची जिला प्रशासन ने उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की। इसमें विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों को मतदान केंद्रों की व्यवस्था, प्रशिक्षण, सुरक्षा, लॉजिस्टिक्स एवं समन्वय से संबंधित दिशा–निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण एवं सफल निर्वाचन सुनिश्चित करने की अपील की।

*****************

गिरिडीह एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने सरस्वती पूजा के दौरान संदिग्ध लोगों पर कारवाई का आदेश दिया है। पुलिस अधिकारियों की बैठक में श्री कुमार ने जिला में अपराध रोकने के लिए थानेदारो को आवश्यक निर्देश दिए।

*****************

सिमडेगा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल केलाघाघ में महिला सशक्तिकरण की दिशा में पहल करते हुए पलाश दीदी कैफे का  उद्घाटन किया गया। यहां झारखंड मिलेट मिशन योजना के तहत स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे। उपायुक्त कंचन सिंह ने बताया कि दीदी कैफेटेरिया न केवल पर्यटकों को सुविधा देगा, बल्कि स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

*****************

देवघर नगर निगम क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए खुली डाक बंदोबस्ती आयोजित की गई। इस बंदोबस्ती में नगर निगम की विभिन्न संपत्तियों और स्टैंड शुल्क की बोली लगाई गई।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में तापमान में उतार चढ़ाव जारी है। गुमला का न्यूनतम तापमान तीन दशमलव दो और रांची के कांके का चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

इधर रामगढ़ जिले के उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने बताया कि  शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अलाव की व्यवस्था की गई है।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने झारखंड बंद की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने झारखंड बंद की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने लिखा है–झारखंड बंद के दौरान रांची टाटा रोड साढ़े चार घंटा रहा जाम।

दैनिक भास्कर ने निकाय चुनाव को लेकर लिखा है–दलों के सिंबल नहीं होंगे पर पार्टियां हर सीट पर उतारेगी प्रत्याशी।

प्रभात खबर ने अंडर–19 वर्ल्ड कप में भारत की बांग्लादेश पर लगातार दूसरी जीत की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।